# अम्बर इंटरप्राइजेज प्रदेश में करेगा 6000 करोड़ का निवेश

लखनऊ। अम्बर इंटरप्राइजेज प्रदेश में 6000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई की स्थापना में यह निवेश करेगी। यह जानकारी कंपनी के प्रमोटर जसबीर सिंह ने बुधवार को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से मुलाकात के दौरान दी। नंदी ने कहा कि ये निवेश की घोषणा प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगी। ब्यूरो